लोक सभा अध्यक्ष ने पूर्व केन्द्रीय मंत्री श्री आरिफ बेग के निधन पर दुःख व्यक्त किया

नई दिल्ली, 05 सितम्बर, 2016: लोक सभा अध्यक्ष, श्रीमती सुमित्रा महाजन ने पूर्व केन्द्रीय मंत्री श्री आरिफ बेग के निधन पर दुःख व्यक्त किया है । अपने संदेश में श्रीमती महाजन ने कहा, "मुझे श्री आरिफ बेग के दुःखद निधन के बारे में जानकार दुःख हुआ है । श्री बेग एक जननेता और वरिष्ठ राजनीतिज्ञ थे । उन्होंने गरीबों और जरूरतमंदों के कल्याण के लिए अथक कार्य किया । अपने दीर्घ राजनीतिक कॅरियर के दौरान उन्हें लोगों के हित से जुड़े विचारों और हमारे विकास के फायदे को जरूरतमंदों तक पहुंचाने की तीव्र अभिलाषा के समर्थक के रूप में जाना जाता था । मैं उनके परिवार के शोक संतप्त सदस्यों के प्रति संवेदना व्यक्त करती हूं ।